कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 03.12.2025

/प्रेस विज्ञप्ति/

कन्या महाविद्यालय में

# अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस

दिव्यांग व्यक्ति के अधिकारों में शिक्षा, रोजगार और सामाजिक जीवन में समान अवसरों के साथ-साथ भेदभाव और शोषण से सुरक्षा सम्मिलित करने के उद्देश्य से शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग के यूथ रेडक्रॉस के तत्वाधान में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 रंजना श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि इस दिवस का मुख्य उद्देश्य दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकारों, गरिमा और कल्याण को बढ़ावा देना। यह दिवस दिव्यांगों को समाज के सभी क्षेत्रों में उनकी स्थिति के बारे में जागरूकता बढ़ाने और उन्हें समाज की मुख्य धारा से जोड़ने पर जोर देता है। प्राचार्य ने महाविद्यालय में दिव्यांगजनों को दी जानी वाली विशेष सुविधाओं की भी जानकारी दी।

डॉ0 यशेश्वरी ध्रुव, विभागाध्यक्ष हिन्दी एवं राष्ट्री सेवा योजना प्रभारी ने कहा कि दिव्यांगता से जुड़े मुद्दों के प्रति समझ और जागरूकता बढ़ाना एवं राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक जीवन के हर पहलू में दिव्यांगों के लिए समान अवसर सुनिश्चित करना है। प्रभारी डॉ0 रेशमा लाकेश के अनुसार प्रधानमंत्री के सुझाव के बाद 'विकलांग' शब्द की जगह 'दिव्यांग' शब्द चलन में आया है अर्थात् 'दिव्य अंग' या विशेष क्षमता वाला व्यक्ति है। जिनको नीति में और कार्यक्रमों के माध्यम से सशक्त बनाने हेतु दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग से किया जाना है। यह अधिक महत्वपूर्ण है क्योंकि विश्व की लगभग 16 प्रतिशत जनसंख्या गंभीर विकलांगता का अनुभव करती है। सुश्री तब्बसुम अली ने दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम के बारे में तथा डॉ0 तोषिना तैलंग ने दिव्यांगता संबंधी पेंशन, ऋण, विवाह प्रोत्साहन एवं डॉ0 संध्या सिंह यादव, डॉ0 वैभवशंकर सोनी ने भी अपने विचार साझा किए। यूथ रेडक्रॉस वालेंटियर सुश्री लुबना खान, उर्वशी निषाद, खुशी साहू एवं मानसी प्रसाद ने भी अपने विचार रखे।

*टीप – छात्रहित में प्रकाशन हेतु निवेदित।*

(डॉ0 रंजना श्रीवास्तव)
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

# अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस




